सी-केयर्स वेब पोर्टल

हाल ही में **कोयला मंत्रालय (MoC)** ने **कोयला खदान भविष्य निधि संगठन (CMPFO)** का C-CARES वेब पोर्टल लॉन्च किया।

- C-CARES वेब पोर्टल को **सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (C-DAC)** द्वारा विकसित किया गया है, जो MeitY के अंतर्गत एक अनुसंधान और विकास संगठन है, यह पोर्टल CMPFO ग्राहकों तथा पेंशनभोगियों के **अभिलेखों के रखरखाव के साथ ही सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं के लिये प्रतिबद्ध** है।
- CMPFO कोयला क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा के लिये भविष्य निधि एवं पेंशन योजनाओं के प्रशासन के लिये **MoC** के अंतर्गत एक **स्वायत्त संगठन** है।
    - संगठन वर्तमान में **कोयला क्षेत्र के लगभग 3.3 लाख भविष्य निधि ग्राहकों और 6.1 लाख पेंशनभोगियों को सेवाएँ** प्रदान कर रहा है।
- सी-केयर्स CMPF ग्राहकों और कोयला कंपनियों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न कार्य करने में सक्षम बनाएगा, जिसमें **दावों का ऑनलाइन निपटान,** कागज़ रहित कामकाज, दावों का समय पर तथा सटीक निपटान, प्रसंस्करण समय में कमी एवं शिकायत निवारण शामिल है।
- यह डिजिटल परिवर्तन डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/c-cares-web-portal